Bareilly, Sunday
26 December 2021
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 12

दैनिक जागरण
inext

PAGE NO. 04 : BOTTOM

डीआरएम एनईआर ने जीता क्रिकेट मैच

एसआरएमएस के डा. विश्वदीप सिंह बेस्ट बैट्समैन और शिखर दयाल बेस्ट बॉलर बने

टीम के चेहरे पर दिखी खुशी.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (25 Dec): श्री राममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग ग्राउंड पर एसआरएमएस इलेवन और डीआरएम एनईआर के बीच फ्रेंडली टी-20 क्रिकेट मैच खेला गया. डीआरएम एनईआर ने सात विकेट से मैच जीता. एसआरएमएस की ओर से डा. विश्वदीप सिंह को बेस्ट बैट्समैन और शिखर दयाल को बेस्ट बालर चुना गया.

खेला गया टी-20 मैच

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज के मैदान में शनिवार को एसआरएमएस इलेवन और डीआरएम एनईआर की टीमों के बीच टी-20 मैच खेला गया. पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआरएमएस की टीम ने बीस ओवर में 141 रन बनाए, बल्लेबाजी में एसआरएमएस इलेवन के डा. विश्वदीप ने सर्वाधिक 53 रनों शानदार पारी खेली. डीआरएम एनईआर के शिखर दयाल ने तीन और राजकुमार ने दो विकेट हासिल किए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीआरएम एनईआर की शुरुआत धीमी रही. बल्लेबाज सर्वेश्वर और शिव राठी ने संभलकर खेलते हुए दूसरे विकेट के लिए 70 रन जोड़े और टीम को जीत के करीब पहुंचाया. एसआरएमएस के गेंदबाजों ने भी अंतिम ओवर तक मैच में जान झोंकी. अंत में डीआरएम एनईआर ने मैच को सात विकेट से जीत लिया. गेंदबाजी में कप्तान आदित्य मूर्ति, डा. दीपक और मनीष ने एक -एक विकेट झटके. एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति जी ने सर्वेश्वर को मैन आफ द मैच, डा. विश्वदीप सिंह को बेस्ट बैट्समैन और शिखर दयाल को बेस्ट बालर की ट्राफी प्रदान की. हर्षित गोस्वामी और संस्कार गुप्ता ने मैच एम्पायरिंग की.